पंजाब केसरी 01/04/2023

# डी.जी. कमैंडेशन अवार्ड विजेता कैडेट रबनूर को राज्यपाल ने किया सम्मानित

अम्बाला छावनी, 31 मार्च (कोचर): हरियाणा गर्ल्स बटालियन एन.सी.सी. की सैकेंड ऑफिसर रबनूर को महानिदेशक एन.सी.सी. पदक (डी.जी. एन.सी.सी. कमैंडेशन मैडल) से सम्मानित किए जाने के लिए राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में कैडेट रबनूर सहित उसकी माता डा. मनजीत कौर और पिता सतिंद्र पाल सिंह को भी आमंत्रित किया गया।

यह अवार्ड उन्हें गणतंत्र दिवस कैम्प के दौरान सांस्कृतिक टीम की हैड के रूप में अपनी विशिष्ट उपलब्धियों और राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रति अत्यधिक ईमानदारी, समर्पण और अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए दिया गया। इस अवसर पर उच्चतर शिक्षा विभाग की तरफ से रबनूर को 21000 रुपए की धनराशि पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई।

प्राचार्य जी.एम.एन. कॉलेज डा. रोहित दत्त ने इस उपलब्धि के लिए रबनूर को बधाई दी और कहा कि रबनूर जैसी बेटी ने इस कॉलेज के साथ-साथ हरियाणा का भी नाम रोशन किया है। इस अवसर पर एन.सी.सी. की ओर से डा. एस.एस. नैन, डा. सुजाता और कालेज के सभी प्राध्यापकों ने भी रबनूर को बधाई दी।



छात्रों को सम्मानित करते व बधाई देते कॉलेज प्राचार्य और उनकी टीम। (चंद्रमोहन)